GOVERNMENT BILLS

THE APPROPRIATION (RAILWAYS) VOTE ON ACCOUNT BILL, 2006, THE APPROPRIATION (RAILWAYS) BILL, 2006 AND THE APPROPRIATION (RAILWAYS) NO.2 BILL, 2006

रेल मंत्री (श्री लालू प्रसाद) : उपसभापति जी, मैं प्रस्ताव करता हूँ कि रेलों के प्रयोजनार्थ वित्तीय वर्ष 2006-2007 के एक भाग की सेवाओं के लिए भारत की संचित निधि में से कतिपय राशियां निकालने का उपबंध करने वाले विधेयक पर, लोक सभा द्वारा पारित रूप में, विचार किया जाए।

महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूँ कि रेलों के प्रयोजनार्थ वित्तीय वर्ष 2005-2006 की सेवाओं के लिए भारत की संचित निधि में से कतिपय और राशियों के संदाय और विनियोग को प्राधिकृत करने वाले विधेयक पर, लोक सभा द्वारा पारित रूप में, विचार किया जाए।

महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूँ कि रेलों के प्रयोजनार्थ 31 मार्च, 2004 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के दौरान कतिपय सेवाओं पर, उन सेवाओं के लिए और उस वर्ष के लिए अनुदत्त रकमों के आधिक्य में व्यय की गई रकमों को पूरा करने के लिए भारत की संचित निधि में से रकमों के विनियोग को प्राधिकृत करने का उपबंध करने वाले विधेयक पर, लोक सभा द्वारा पारित रूप में, विचार किया जाए।

The questions were proposed.

श्री शत्रुघ्न सिन्हा (बिहार) : सर, मैं एक बात कहना चाहता हूँ।...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति : नहीं, आप मंत्री जी को चिट्ठी लिखिएगा।...**(व्यवधान)**...

श्री शत्रुघ्न सिन्हा : सर, जनरल बात कहूंगा, कोई डिमांड नहीं है।...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, the Appropriation (Railways) Vote on Account Bill, 2006, the Appropriation (Railways) Bill, 2006 and the Appropriation (Railways) No.2, Bill, 2006 are open for discussion. Any Member desiring to speak on these Bills? All that has been discussed. ...*(Interruptions)*...

श्री ललित किशोर चतुर्वेदी (राजस्थान) : माननीय उपसभापति जी, मैं निवेदन करना चाहता हूँ। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति : नहीं, आप अपनी बात कह गए हैं। ...**(व्यवधान)**...

श्री ललित किशोर चतुर्वेदी : सर, "हां" या "न" कर दें।...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति : "हां" या "न" नहीं, वे आपको रेप्लाई भेजेंगे।...**(व्यवधान)**...

SHRI SHATRUGHAN SINHA: Sir, he is not making a demand.

श्री ललित किशोर चतुर्वेदी : सर, मैंने जो डिमांड की हैं, वे "न" कर दें। मुझे उसमें तकलीफ नहीं होगी।

श्री उपसभापति : वे लिखेंगे आपको।...**(व्यवधान)**...

श्री शत्रुघ्न सिन्हा : सर, मुझे जनरल बात कहनी है।...**(व्यवधान)**...

श्री अमर सिंह (उत्तर प्रदेश) : उत्तर प्रदेश के लिए मंत्री जी ने कोई खास नहीं कहा। ...**(व्यवधान)**...

श्री ललित किशोर चतुर्वेदी : मंत्री जी कह दें - "No", मेरी डिमांड का जवाब तो दें। ...**(व्यवधान)**... Let him say 'no'. ...*(Interruptions)*...

श्री उपसभापति : चतुर्वेदी जी, आप मिनिस्टर को इनसिस्ट नहीं कर सकते कि वे जवाब दें।...**(व्यवधान)**...

श्री शत्रुघ्न सिन्हा : सर, आप मुझे जनरल बात तो करने दीजिए। हम लोग जो हल्ला नहीं करते, उनके लिए कोई सुनवाई नहीं है।

श्री उपसभापति : देखिए, रेलवे बजट पर डिसकशन हो चुका है। We are not starting any debate now. ...*(Interruptions)*...

श्री ललित किशोर चतुर्वेदी : सर, मैंने अपनी डिबेट में दो मांगें की हैं, उसके लिए वे "न" कर दें। Let him say 'no'. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: How can I request the Minister to say 'yes' or 'no'? It is for the Minister to...*(Interruptions)*...

श्री ललित किशोर चतुर्वेदी : मैंने आम आदमी की चर्चा की है, उसमें "न" कर दें। मैंने कोई बड़ी बात नहीं कही। ...**(व्यवधान)**...

श्री शत्रुघ्न सिन्हा : सर, शिकायतें नहीं हैं, सुझाव हैं।...**(व्यवधान)**... I will not take more than one minute. ...*(Interruptions)*...

श्री उपसभापति : क्या है, बोलिए।

श्री शत्रुघ्न सिन्हा : सर, माननीय मंत्री जी के रेल बजट की जो इंटेंशन है, उसका मैं बहुत स्वागत करता हूँ, बहुत बढ़िया इंटेंशन है, लेकिन मैं जानना चाहूंगा कि सिस्टम में चुस्ती और दुरुस्ती के लिए, सिस्टम में और विश्वसनीयता पैदा करने के लिए, सिस्टम में ओन टाइम परफोरमेंस के लिए और सबसे महत्वपूर्ण चीज, जिस पर पूरे सदन की सहमति है, सिस्टम में सुरक्षा के लिए, सेफ्टी और सिक्योरिटी के लिए, जो चेन पुल्लिंग होती है उसके लिए, मंत्री जी क्या कर रहे हैं?

श्री उपसभापति : नहीं, यह तो रिपीट हो गया। मंत्री जी ने अपने जवाब में बता दिया है, अपने भाषण में बता दिया है। ...**(व्यवधान)**... चतुर्वेदी जी, आपको मंत्री जी उसके बारे में खत लिखेंगे।

THE APPROPRIATION (RAILWAYS) VOTE ON ACCOUNT BILL, 2006

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The question is:

> "That the Bill to provide for the withdrawal of certain sums from and out of the Consolidated Fund of India for the services of a part of the financial year 2006-07 for the purposes of Railways, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration."

The motion was adopted.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, we shall take up clause-by-clause consideration of the Bill.

Clauses 2, 3 and the Schedule were added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

रेल मंत्री (श्री लालू प्रसाद) : महोदय, मैं विधेयक को वापस लौटाए जाने का प्रस्ताव करता हूं।

The question was put and the motion was adopted.

THE APPROPRIATION (RAILWAYS) BILL, 2006

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The question is:

> "That the Bill to authorise payment and appropriation of certain further sums from and out of the Consolidated Fund of India for the services of the financial year 2005-06 for the purposes of Railways, is passed by Lok Sabha, be taken into consideration."

The motion was adopted.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, we shall take up clause-by-clause consideration of the Bill.

Clauses 2, 3 and the Schedule were added to the Bill.